प्रयागराज, कानपुर रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष : 15 अंक : 08 | शनिवार 27 दिसम्बर, 2025 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने १८ राज्यों के २० प्रतिभाशाली बच्चों को किया सम्मानित



(एजेंसी) नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विभिन्न क्षेत्रों में 18 राज्यों के 20 साहसी बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया है। श्रीमती मुर्मु ने शुक्रवार को यहां विज्ञान भवन में एक समारोह में इन बच्चों के उनके असाधारण कार्यों के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये। राष्ट्रपति ने पुरस्कार पाने वाले बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि पुरस्कार विजेता बच्चों ने अपने परिवारों, अपने समुदायों और पूरे देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सम्मान पाने वाले इन बच्चों से देश के अन्य सभी बच्चे प्रेरित होंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि लगभग 320 वर्ष पूर्व, सिख पंथ के दसवें गुरु और सभी भारतवासियों के लिए पूजनीय गुरु गोबिन्द सिंह जी और उनके चारों बेटों ने सत्य और न्याय के पक्ष में युद्ध और संघर्ष करते हुए बलिदान दिया था। इस दिन हम सब उनके दो सबसे छोटे साहिबजादों का स्मरण करते हैं जिनकी वीरता का सम्मान देश–विदेश में किया जाता है। मुर्मु ने कहा मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई है कि सभी पुरस्कार विजेता बच्चों ने अलग–अलग क्षेत्रों में असाधारण योगदान दिये हैं। वीरता, कला एवं संस्कृति, पर्यावरण, नवोचार, विज्ञान तथा तकनीकी, समाज–सेवा और खेल–कूद जैसे विभिन्न क्षेत्रों में आपकी असाधारण बाल–प्रतिभा का परिचय प्राप्त हुआ है। उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि पुरस्कार पाने वाले बच्चों ने वीरता, कला एवं संस्कृति, पर्यावरण, नवाचार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा और खेल जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। उनका कहना था कि सात वर्षीय वाका लक्ष्मी प्रग्निका जैसे प्रतिभाशाली बच्चों के कारण ही भारत विश्व पटल पर शतरंज की महाशक्ति माना जाता है। अजय राज और मोहम्मद सिदान पी. ने अपनी वीरता और सूझबूझ से दूसरों की जान बचाकर अत्यंत प्रशंसनीय काम किया है। इसी तरह से नौ वर्षीय बेटी व्योमा प्रिया और ग्यारह वर्षीय बहादुर बेटे कमलेश कुमार ने अपने साहस से दूसरों की जान बचाते हुए अपने प्राण गंवा दिए। राष्ट्रपति ने कहा कि यह गौरव की बात है कि दस वर्षीय श्रवण सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान युद्ध से जुड़े जोखिमों के बावजूद अपने घर के पास सीमा पर तैनात भारतीय सैनिकों को नियमित रूप से पानी, दूध और लस्सी पहुंचाई। वहीं, दिव्यांग बेटी शिवानी होसुरू उप्पारा ने आर्थिक और शारीरिक सीमाओं को पार करते हुए खेल जगत में असाधारण उपलब्धियां हासिल की हैं। वैभव सूर्यवंशी ने अत्यंत प्रतिस्पर्धी और प्रतिभा–समृद्ध क्रिकेट जगत में अपनी अलग पहचान बनाई है और कई रिकॉर्ड स्थापित किए। श्रीमती मुर्मु ने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे साहसी और प्रतिभाशाली बच्चे आगे भी अच्छे कार्य करते रहेंगे और भारत के भविष्य को उज्ज्वल बनाएंगे।

## साहिबजादे मजहबी कट्टरता के खिलाफ साहस की सर्वोच्च अभिव्यक्ति का प्रतीक हैं : पीएम मोदी

(एजेंसी) नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि दसवें सिख गुरु, गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों (पुत्रों) का सर्वोच्च बलिदान क्रूर मुगल सल्तनत के खिलाफ भारत के अदम्य साहस, शौर्य और वीरता की सर्वोच्च अभिव्यक्ति है। वीर बाल दिवस के मौके पर साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत की याद में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि देश उन वीर सपूतों को याद कर रहा है जो भारत के अदम्य साहस, वीरता और शौर्य के शिखर का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा, "आज हम अपने राष्ट्र के गौरव, वीर साहिबजादों को याद करते हैं। वे भारत के अदम्य साहस और शौर्य के सर्वोच्च आदर्शों के प्रतीक हैं। उन वीर साहिबजादों ने उम्र और अवस्था की सीमाओं को तोड़ दिया। वे क्रूर मुगल सल्तनत के खिलाफ चट्टान की तरह ऐसे खड़े रहे कि मजहबी कट्टरता और आतंक का वजूद ही हिल गया। जिस राष्ट्र के पास ऐसा गौरवशाली अतीत हो, जिसकी युवा पीढ़ी को ऐसी प्रेरणाएं विरासत में मिली हों, वह राष्ट्र



क्या कुछ नहीं कर सकता है।" प्रधानमंत्री ने कहा कि साहिबजादे उस समय काफी युवा थे, लेकिन मुगल सम्राट औरंगजेब की क्रूरता पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। उन्होंने कहा, "औरंगजेब जानता था कि यदि वह भारत की जनता में भय उत्पन्न करना चाहता है और उन्हें धर्मांतरण के लिए मजबूर करना चाहता है, तो उसे सबसे पहले भारतीयों का मनोबल तोड़ना होगा। इसीलिए उसने साहिबजादों को अपना निशाना बनाया। लेकिन औरंगजेब और उसके सिपहसालार यह भूल गए थे कि हमारे गुरु साधारण मनुष्य नहीं थे। वे तपस्या और त्याग के साक्षात अवतार थे।"मोदी ने कहा कि माता गुजरी जी, श्री गुरु गोबिंद सिंह जी और चारों साहिबजादों का साहस और आदर्श प्रत्येक भारतीय को शक्ति प्रदान करते रहते हैं। उन्होंने कहा, "साहिबजादा अजीत सिंह जी, साहिबजादा जुझार सिंह जी, साहिबजादा जोरावर सिंह जी और साहिबजादा फतेह सिंह जी को बहुत कम उम्र में ही उस समय की सबसे बड़ी सत्ता से टकराना पड़ा था। यह संघर्ष महज सत्ता के लिए नहीं था, बल्कि भारत के मूल विचारों और मजहबी कट्टरता के बीच टकराव था। यह सत्य और असत्य की लड़ाई थी।"प्रधानमंत्री ने श्री गुरु गोबिंद सिंह की जयंती के अवसर पर नौ जनवरी 2022 को घोषणा की थी कि उनके पुत्रों साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत की याद में 26 दिसंबर को 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाया जाएगा, जिनका अद्वितीय बलिदान आज भी पीढ़ियों को प्रेरित करता है। वीर बाल दिवस के मौके पर भारत सरकार देशभर में सहभागितापूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है जिनका उद्देश्य नागरिकों को साहिबजादों के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान से रूबरू कराना तथा भारत के इतिहास के इन युवा नायकों के अदम्य साहस, त्याग और वीरता का सम्मान करना तथा उन्हें स्मरण करना है।

## मेक्सिको बस हादसाः खाई में गिरी बस, 10 लोगों की मौत, 32 घायल

(एजेंसी) मेक्सिको। सिटी पूर्वी मेक्सिको के वेराक्रूज राज्य के जोंटेकोमाटलान नगर पालिका में एक बस खाई में गिर जाने से 10 लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। जोंटेकोमाटलान नगर पालिका सरकार ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर एक बयान जारी कर कहा कि इस दुर्घटना में 9 वयस्क और एक नाबालिग की मौत हो गई। अधिकारी मृतकों की पहचान की पुष्टि करने में जुटे हैं।बचे हुए लोगों और आपातकालीन बचाव कर्मियों ने बताया कि यह दुर्घटना बुधवार को उस समय हुई जब कोनेक्सियन कंपनी द्वारा संचालित बस उत्तरी वेराक्रूज की एक कठिन सड़क पर चलते समय नियंत्रण से बाहर हो गई। राज्य के नागरिक सुरक्षा सचिवालय ने फेसबुक पर बताया कि घायलों को चिकित्सा उपचार के लिए अस्पतालों में भेजा गया है।

### जापान में फैक्ट्री में घुसकर शख्स ने लोगों को चाकू से गोदा, फिर छिड़का संदिग्ध जहर

(एजेंसी) टोक्यो। जापान से एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। यहां पर एक कारखाने में घुस कर एक शख्स ने चाकुओं से लोगों पर ताहड़तोड़ वार किए हैं। इस हमले में 14 लोग घायल हुए हैं। शिजुओका प्रांत के मिशिमा शहर के अग्निशमन विभाग के अधिकारी तोमोहारा सुगियामा ने कहा, चौदह लोगों को आपातकालीन सेवाओं द्वारा अस्पताल ले जाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों को स्थानीय समयानुसार शाम लगभग 4.30 बजे पास के एक रबर कारखाने से फोन आया, जिसमें बताया गया कि पांच या छह लोगों पर किसी ने चाकू से हमला किया है, और साथ ही स्प्रे जैसा तरल पदार्थ भी इस्तेमाल किया गया है।

### अमेरिका का बड़ा एक्शन! नाइजीरिया में आईएसआईएस ठिकानों पर की एयरस्ट्राइक

(एजेंसी) वाशिंगटन। क्रिसमस के मौके पर अमेरिका ने पश्चिम अफ्रीका में आतंकवाद के खिलाफ अपनी अब तक की सबसे बड़ी सैन्य कार्रवाई की है। अमेरिकी वायुसेना ने उत्तर–पश्चिमी नाइजीरिया में आतंकी संगठन आईएसआईएस के ठिकानों पर भीषण एयर स्ट्राइक की। इस हमले की पुष्टि खुद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया के जरिए की है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल हैंडल पर इस ऑपरेशन की जानकारी देते हुए इसे ईसाइयों की हत्याओं का बदला बताया। ट्रंप ने कहा, मैंने इन आतंकवादियों को पहले ही चेतावनी दी थी कि अगर निर्दोष ईसाइयों का कत्लेआम नहीं रुका तो उन्हें इसके भयानक परिणाम भुगतने होंगे। आज रात वही हुआ। राष्ट्रपति के अनुसार कमांडर –इन– चीफ के रूप में उनके निर्देश पर युद्ध विभाग ने आईएसआईएस के ठिकानों पर सटीक और घातक हमले किए।

## सुधारों की रफ्तार और होगी तेज, पीएम मोदी का बड़ा ऐलान, जीवन सुगमता पर फोकस

(एजेंसी) नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि सरकार 'जीवन सुगमता' को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है इसलिए उसका सुधार अभियान आने वाले समय में और अधिक उत्साह और दृढ़ता के साथ जारी रहेगा। प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार द्वारा अपनी विभिन्न सुधार पहलों पर किए गए कई पोस्ट के संदर्भ में यह टिप्पणी की। पीएम मोदी ने कहा, "हमारी सरकार जीवन सुगमता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और नीचे दिए गए लेख में हमने इस दिशा में किए गए कार्यों के उदाहरण दिए हैं। आने वाले समय में हमारी सुधार यात्रा और भी अधिक उत्साह के साथ जारी रहेगी।" हैशटैग "रिफॉर्म इन एक्शन और हैशटैग गुड गवर्नेंस" के साथ केंद्र सरकार ने अपने कई पोस्ट में कहा कि किसी भी सुधार की असली कसौटी यह होती है कि वह लोगों का बोझ कितना कम करता है। वर्ष 2025 में शासन व्यवस्था में एक स्पष्ट बदलाव देखने को मिला, जहां सुधार जटिलता के बजाय परिणामों पर केंद्रित रहे। माई जीओवी इंडिया' पर किए गए पोस्ट में बताया गया है कि सरल कर कानूनों, तेजी से विवाद निपटान, आधुनिक श्रम संहिताओं और कुछ नियमों या कानूनों के उल्लंघन को




अपराध की श्रेणी से बाहर रखकर सिर्फ उनके अनुपालन पर जोर देने से नागरिकों और व्यवसायों, दोनों के लिए प्रक्रियाएं आसान हुई हैं। भरोसे, पूर्वानुमेयता और दीर्घकालिक विकास पर जोर दिया गया है, जिससे यह दिखता है कि अच्छी तरह तैयार की गई नीतियां किस तरह रोजमर्रा की जिंदगी को सहज बना सकती हैं। पोस्ट में कहा गया है कि करोड़ों भारतीयों के लिए कर राहत अब वास्तविकता बन गई है। अब 12 लाख रुपये तक की आय पर शून्य कर लगता है। मध्यम वर्गीय परिवार अब अपनी कमाई का अधिकतर हिस्सा अपने पास रख पा रहे हैं, जिससे उन्हें खर्च, बचत और निवेश करने के साथ अधिक आत्मविश्वास मिला है। पोस्ट में कहा गया कि आयकर अधिनियम, 2025 ने अनुपालन प्रक्रियाओं को सरल बनाया है और प्रत्यक्ष कर प्रणाली में स्पष्टता, पारदर्शिता और निष्पक्षता लाई है, जिससे यह करदाताओं के लिए अधिक अनुकूल और वर्तमान जरूरतों के अनुरूप बनी है। सरकार ने बताया कि छोटे व्यवसाय अब लाभ खोने के डर के बिना विस्तार कर सकते हैं। निवेश और टर्नओवर की बढ़ी हुई सीमाओं से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को ऋण और कर प्रोत्साहनों का लाभ बनाए रखते हुए आगे बढ़ने का अवसर मिला है। इससे व्यवसायों का विस्तार, अधिक रोजगार सृजन और स्थानीय उद्यमों को मजबूती मिल रही है। ग्रामीण रोजगार को लेकर सरकार ने कहा कि अब यह केवल मजदूरी तक सीमित नहीं है, बल्कि परिसंपत्ति का निर्माण भी कर रहा है। सुनिश्चित रोजगार की अवधि बढ़ने और गांवों के बुनियादी ढांचे पर ध्यान देने से ग्रामीण श्रमिक स्थायी परिसंपत्ति बना रहे हैं, जो समुदायों और आजीविका को सशक्त करती हैं। सरकार ने यह भी बताया कि श्रमिकों को अब दर्जनों कानूनों से नहीं जूझना पड़ता क्योंकि 29 श्रम कानूनों को चार सरल संहिताओं में समाहित किया गया है, जो वेतन, सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा को कवर करती हैं। इन सुधारों से अधिकार अधिक स्पष्ट हुए हैं, अनुपालन आसान हुआ है और महिलाओं को मातृत्व तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा से जुड़े सुनिश्चित लाभ मिले हैं। सरकार ने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली को भी व्यवसायों और उपभोक्ताओं, दोनों के लिए सरल बनाया गया है। सरलीकृत कर स्लैब, आसान पंजीकरण, स्वचालित प्रक्रियाएं और तेज रिफंड के जरिए अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार व्यापार सुगमता को बेहतर बना रहे हैं। इसका प्रभाव दिवाली पर रिकॉर्ड बिक्री (6.05 लाख करोड़ रुपये) और पिछले एक दशक में सबसे मजबूत नवरात्रि खरीदारी के रूप में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। पोस्ट में यह भी कहा गया कि अब व्यवसाय अपने उत्पादों को तेजी से बाजार में ला सकते हैं। गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों के युक्तिकरण से भारतीय निर्माताओं के अनुपालन खर्च कम हुए हैं, दक्षता बढ़ी है और वैश्विक बाजारों में उनकी स्थिति मजबूत हुई है। सरकार ने बताया कि छोटी कंपनियों की परिभाषा का विस्तार किए जाने से अनुपालन बोझ और लागत में कमी आई है, जिससे 100 करोड़ रुपये तक के टर्नओवर वाले उद्यम नवाचार और विस्तार पर अधिक ध्यान केंद्रित कर पा रहे हैं।

## शेख हसीना ने कहा, बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अकल्पनीय अत्याचार कर रही मुहम्मद यूनुस की हुकूमत

(एजेंसी) ढाका। बांग्लादेश अवामी लीग की अध्यक्ष एवं बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अवैध अंतरिम सरकार की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि सरकार गैर–मुसलमानों खासकर हिंदुओं के खिलाफ अकल्पनीय अत्याचार कर रही है। क्रिसमस के अवसर पर अवामी लीग समर्थकों को दिए एक संदेश में हसीना ने कहा कि यूनुस सरकार ने धार्मिक अल्पसंख्यकों को जलाकर मार डालने जैसे भयावह उदाहरण पेश किए हैं। शेख हसीना द्वारा जारी बयान में कहा गया है, कुछ अर्सा पहले तक बांग्लादेश सांप्रदायिक सद्भाव का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा था। राष्ट्रपिता ने एक गैर– सांप्रदायिक बांग्लादेश की कल्पना की थी। बांग्लादेश अवामी लीग ने यह सुनिश्चित करके उस सपने को साकार करने का प्रयास किया कि सभी धर्मों के लोग स्वतंत्र रूप से और बिना किसी बाधा के जीवन यापन कर सकें। इसने बांग्लादेश में सभी धर्मों के लोगों के लिए समान अधिकार और सम्मान स्थापित करने के लिए काम किया। पूर्व पीएम के इस बयान को अवामी लीग पार्टी ने गुरुवार शाम को इंटरनेट मीडिया पर साझा किया।बयान में आगे कहा गया, मुझे बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि सत्ता पर अवैध रूप से कब्जा करने वाला मौजूदा सत्तारूढ़ समूह सभी धर्मों और समुदायों के लोगों की अपने धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता में दखल दे रहा है। यह गैर–मुसलमानों विशेष रूप से हिंदुओं के खिलाफ अकल्पनीय अत्याचार कर रहा है। मुझे पूरा



विश्वास है कि बांग्लादेश की जनता इस अंधकारमय दौर को और अधिक समय तक जारी नहीं रहने देगी।"हसीना का बयान उस दिन आया जब स्थानीय मीडिया ने बुधवार देर रात हुसैनडांगा इलाके में भीड़ द्वारा कथित तौर पर अमृत मंडल नामक एक अन्य हिंदू को पीट–पीटकर मार डाले जाने की खबर दी।

## डॉ. मनमोहन सिंह की पुण्यतिथि खरगे-राहुल-प्रियंका ने दी भावुक श्रद्धांजलि

### कहा- दृढ़ निश्चयी, साहसी और गरिमापूर्ण व्यक्तित्व की थे मिसाल

(एजेंसी) नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे,पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को पहली पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि



अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने देश के आर्थिक विकास को जो दिशा दी वह भारत की समृद्धि का मजबूत आधार बन गया है। खरगे ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर डॉ. सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए कहा पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर, हम भारत के राष्ट्र निर्माण में उनके अपार योगदान को श्रद्धापूर्वक याद करते हैं। एक परिवर्तनकारी नेता के रूप में, उन्होंने देश के आर्थिक पथ को नया रूप दिया और आर्थिक सुधारों के माध्यम से लाखों लोगों के लिए अवसरों का विस्तार किया तथा लाखों लोगों को गरीबी से बाहर निकाला। अपनी विनम्रता, सत्यनिष्ठा और बुद्धिमत्ता के लिए विख्यात डॉ सिंह ने गरिमा और करुणा के साथ देश का नेतृत्व किया, यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रगति समावेशी बनी रहे और कल्याणकारी लाभ सब जरूरतमंदों तक पहुँचें। उन्होंने कहा डॉ मनमोहन सिंह का देश की सभी नागरिकों के लिए अधिकार–आधारित प्रतिमान इसी दृष्टिकोण का प्रमाण है। हमने उनके दृष्टिकोण के तहत एक मजबूत भारत का निर्माण किया। हम एक ऐसे राजनेता को हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जिनकी ईमानदार सार्वजनिक सेवा और स्थायी सुधारों की विरासत पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। राहुल गांधी ने कहा डॉ. मनमोहन सिंह जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। अपने दूरदर्शी नेतृत्व से उन्होंने भारत को आर्थिक रूप से सशक्त किया। देश के वंचितों और गरीबों के लिए उनके ऐतिहासिक प्रयासों और साहसिक निर्णयों ने भारत को विश्व मंच पर एक नई पहचान दिलाई। उनकी विनम्रता, कर्मठता और ईमानदारी हम सभी के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगी। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, पूर्व वित्त मंत्री एवं रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डॉ मनमोहन सिंह जी की पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन। डॉ सिंह समानता में विश्वास रखने वाले, दृढ़ निश्चयी, साहसी और गरिमापूर्ण व्यक्तित्व की मिसाल थे, जो सच्चे अर्थों में देश की प्रगति के लिए समर्पित रहे। उनकी सादगी, ईमानदारी और देश के प्रति उनका समर्पण सदैव हम सबको प्रेरणा देता रहेगा।

# सम्पादकीय

## प्रियंका के लिए उठी मांग

विगत दिनों काफी इंतजार के बाद भाजपा ने बिहार के विधायक रहे मात्र 45 साल के नितिन नबीन को अपना राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष चुना। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि जो अगले साल जनवरी में खरमास के खत्म होने के बाद भाजपा



नफीस जाफरी

के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिए जाएंगे। भाजपा में युवा नेतृत्व के आगे आने के बाद अब इस बात की चर्चाओं ने तेजी पकड़ी है कि क्या अब कांग्रेस में भी इसी तरह का बदलाव होगा। ऐसा दो वजहों से कहा जा रहा है एक तो कांग्रेस के वर्तमान अध्यक्ष खरगे की उम्र बहुत ज्यादा होने के कारण और दूसरी सबसे बड़ी वजह यह कि राहुल गांधी का लगातार असफल होना और फिर वे यह भी कह चुके हैं कि वे अब कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बनना चाहते हैं। हालांकि देखने वाली बात यह है कि खरगे के कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के बाद भी सारे फैसले राहुल गांधी के ही स्तर से ही लिए जाते हैं। सच तो यह है कि राहुल गांधी के लगातार नाकाम होने के बाद से ही अब कांग्रेस के अंदर से ही यह आवाज आनी शुरू हो गई है कि अब प्रियंका गांधी को आगे किया जाए। विदित हो कि संसद के भीतर और बाहर प्रियंका गांधी वाड्रा की बढ़ती सक्रियता के बीच अब उन्हें देश का अगला प्रधानमंत्री बनाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद के प्रियंका को पीएम पद का चेहरा बताने के बाद, अब उनके पति और बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा ने इस पर पहली बार खुलकर अपनी बात रखी है। प्रियंका गांधी को प्रधानमंत्री बनाने के सवाल पर रॉबर्ट वाड्रा ने बेहद सधे हुए अंदाज में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक नेता की आवाज नहीं है, बल्कि देश के कोने–कोने से यह मांग उठ रही है कि प्रियंका को अब आगे आना चाहिए। वाड्रा ने संकेत दिया कि जनता प्रियंका के काम करने के तरीके और उनकी सक्रियता से काफी प्रभावित है। बातचीत के दौरान वाड्रा ने केवल पत्नी प्रियंका ही नहीं, बल्कि खुद के राजनीतिक करियर पर भी बड़ा बयान दिया। उन्होंने स्वीकार किया कि जनता का एक बड़ा वर्ग चाहता है कि वे (रॉबर्ट वाड्रा) भी सक्रिय राजनीति में कदम रखें। हालांकि, उन्होंने साफ किया कि फिलहाल उनका और उनके परिवार का पूरा ध्यान राजनीति से ज्यादा जनता के असली मुद्दों पर है। वाड्रा ने कहा, मांगें अपनी जगह हैं, लेकिन अभी हमें बेरोजगारी, प्रदूषण और महिला सुरक्षा जैसे गंभीर संकटों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। बांग्लादेश के मुद्दे और हिंदू–मुस्लिम राजनीति पर हो रही बयानबाजी के बीच वाड्रा ने भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अपनी धार्मिक यात्राओं के दौरान उन्होंने देखा है कि आम इंसान को नफरत में कोई दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने दो–टूक शब्दों में कहा कि देश में हिंदू–मुस्लिम बंटवारा बंद होना चाहिए क्योंकि सबकी मुश्किलें और प्रार्थनाएं एक जैसी हैं। इस मौके पर वाड्रा ने राजधानी दिल्ली में प्रदूषण के खतरनाक स्तर पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि अब समाधान खोजने का समय आ गया है। उन्होंने सुझाव दिया कि अगर हमारे पास तकनीक की कमी है, तो प्रदूषण से निपटने के लिए हमें चीन या अन्य देशों से अंतरराष्ट्रीय मदद लेने में संकोच नहीं करना चाहिए। वाड्रा ने बताया, प्रदूषण इस कदर बढ़ गया है कि मैं खुद बाहर नहीं निकल पा रहा हूं। जो लोग बाहर दौड़ने या साइकिल चलाने जा रहे हैं, उन्हें मेरी सलाह है कि वे रुकें, क्योंकि यह सेहत के लिए बेहद घातक है।

## किसी पाने वाले को देने वाला बनाते हैं तो खुशी दोगुनी हो जाती है

एन. रघुरामन

जीवन की खुशी अकसर तब दोगुनी हो जाती है, जब कोई पाने वाला देने वाला बन जाता है। इसका सबसे पहला अनुभव हम पैरेंटहुड में देखते हैं। जब आप पहली बार अपने बच्चे को कोई ट्रीट देते हैं और इसे ग्रैंड पैरेंट्स, पड़ोसी या फिर किसी बेघर जानवर के साथ शेयर करने को कहते हैं तो कुछ बदल–सा जाता है। बच्चे की खुशी महज उस चीज को लेकर नहीं होती, बल्कि अचानक से आई क्षमता की समझ को लेकर होती है। उनके नन्हे दिमाग में सशक्त होने का ख्याल दौड़ता है कि 'मैं बड़ा हो गया हूं। अब मैं सिर्फ लेने वाला नहीं बचा। दे भी सकता हूं।' यह छोटा–सा कदम ऐसी सकारात्मक भावनाएं जगाता है, जो लोगों के बीच दूरी को पाट देता है और आनंद के एकाकी अनुभव को सामूहिक जुड़ाव में बदल देता है। क्रिसमस की पूर्व संध्या पर बुधवार को एक स्कूल के एनुअल फंक्शन में मैंने ऐसे गहरे आनंद का अनुभव किया। 'फेस्टिवल्स ऑफ इंडिया' नाम के थीम सॉन्ग पर जैसे–जैसे संगीत आगे बढ़ा, दर्शकों ने देखा कि कैसे भारत में मकर संक्रांति से उत्सव शुरू होते हैं और लगभग हर महीने एक–दो त्योहार आते हैं। ही संगीत अपने क्लाइमैक्स की ओर बढ़ा, स्टेज पर सांता क्लॉज आए। लेकिन ऐसे सांता मैंने पहले कभी नहीं देखे थे। वे व्हीलचेयर पर आए। शुरुआत में, मेरी तरह पीछे बैठे सैकड़ों लोगों ने भी सोचा कि यह कोई क्रिएटिव थिएट्रिकल प्रयोग होगा। कद में छोटे–से सांता की दाढ़ी चिर–परिचित थी, लेकिन जज्बा बहुत बड़ा था। पहली कतार में बैठे हुए मैंने देखा कि उनका कमर से ऊपर का शरीर डांस कर रहा था। पैर स्थिर थे, लेकिन हाथ बेहद शालीनता से हिल रहे थे। अपना बैग खाली होने तक वे मिठाइयां और गिफ्ट बांटते रहे। उस देने वाले के चेहरे पर पूर्ण आजादी का भाव था। कुछ दे सकने के भाव में जैसे वो अपने पैरालिसिस को भूल ही गया हो। यह 'सांता' इंदौर के एनी बीसेंट स्कूल में चौथी कक्षा की 9 वर्षीय छात्रा तनिष्का सोनी थीं। पहली कक्षा में स्पाइनल नर्व इंजरी के चलते पैरालाइज्ड हुई तनिष्का को कक्षा के भीतर और बाहर कोई भी काम करने के लिए सहपाठियों और माता–पिता की मदद लेनी पड़ती है। शारीरिक जरूरत के चलते वे सालों से एक 'रिसीवर' बनी रहीं। अब स्कूल के कोरियोग्राफर्स ने बीते तीन वर्षों से हर एनुअल फंक्शन में उनके लिए एक किरदार शामिल कर लिया, ताकि वे जीवन की खूबसूरत रिदम में सक्रिय बनी रहें। खुद तनिष्का भी स्कूल की हर एक्टिविटी में शामिल होने की मांग करती रही थीं। जैसे ही तनिष्का ने वो गिफ्ट बांटे, एक बदलाव पूर्ण हो गया। आमतौर पर जिस बच्ची की व्हीलचेयर को दूसरे लोग खिसकाते हैं वो आज सारे ऑडियंस को अपनी खुशी के संसार में खींच रही थी। दाढ़ी की वजह से आंखों और गालों तक ही दिख पा रहा उसका चेहरा चमक रहा था। यह ऐसी सच्चाई बता रहा था, जिसे हम अकसर नजरअंदाज करते हैं कि असली समृद्धि शारीरिक क्षमता और भौतिक संपत्ति में नहीं, बल्कि यह तो वो अवस्था है– जिसमें भावनात्मक स्थिरता और योगदान देने की इच्छाशक्ति है। देने वाले की भूमिका में आकर तनिष्का ने साबित किया कि जब शरीर बंधा हो तो भावना से दूसरों को कुछ दिया जा सकता है। तनिष्का ने याद दिलाया कि हम जो संसाधन दे सकते हैं वो हमारे बैग में नहीं होते। बल्कि ये वो क्षमता और रोशनी है, जो हम अपने दिल से बांट सकते हैं। तनिष्का सोनी की कहानी इंसानी जज्बे की एक मजबूत गवाही है। दूसरों की मदद के लिए हम अकसर 'परफेक्ट कंडीशंस' का इंतजार करते रहते हैं– थोड़ा और पैसा हो जाए, सेहत और बेहतर हो जाए या थोड़ा वक्त और मिल जाए। लेकिन तनिष्का हमें सिखाती है कि आप जहां हो, वहीं से ही और अपनी शेष ताकत से ही दे सकते हैं।

# पाकिस्तान के नियंत्रण में बांग्लादेश की विदेश नीति



गुलफिशा खान

भारत और बांग्लादेश के बीच राजनयिक तनाव बढ़ता जा रहा है। बीते दिनों बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया था। इसके कुछ ही घंटों के बाद ही खबर आई कि दिल्ली में भारतीय विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश के उच्चायुक्त को तलब किया है। बांग्लादेश में हिंसा और अल्पसंख्यक हिंदुओं को निशाना बनाए जाने की घटनाओं के बीच यह कदम सामने आया है। इससे पहले भारत ने 17 दिसंबर को बांग्लादेशी उच्चायुक्त को तलब किया था। इससे पहले दिन में बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को ढाका में विदेश मंत्रालय में तलब किया गया था। भारत में बांग्लादेश के दूतावासों के बाहर प्रदर्शन और सुरक्षा चिंताओं के बीच बांग्लादेश के विदेश सचिव असद आलम सियाम ने भारत के उच्चायुक्त को तलब किया। इस दौरान उप उच्चायुक्त भी मौजूद थे।

वहीं अगर अशांत बांग्लादेश की बात करें तो मालूम हो कि बांग्लादेश में शेख हसीना के तख्तापलट के बाद सत्ता संभालने वाले मोहम्मद यूनुस अब अपनों के ही निशाने पर हैं। राजनीतिक अस्थिरता, बिगड़ी कानून–व्यवस्था, अल्पसंख्यक हिंदूओं पर हमलों के बीच मुख्य सलाहकार यूनुस की अंतरिम सरकार चौतरफा घिरती दिख रही है। यूनुस सरकार भारत विरोधी नैरेटिव और पाकिस्तान से बढ़ती नजदीकियों का सहारा लेकर घरेलू मोर्चे पर अपनी विफलता और कमियों को छिपाने का प्रयास करती दिख रही है। शेख हसीना सरकार के दौरान मुख्य विपक्षी दल रही बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने देश में बिगड़ी कानून–व्यवस्था के लिए मोहम्मद यूनुस सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। बीएनपी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने कहा है कि सरकार की नाकामी के कारण इस संक्रमण काल में बांग्लादेश की कानून–व्यवस्था चरमरा गई है। हमें उम्मीद थी कि प्रोफेसर यूनुस की सरकार अपनी काबिलियत साबित करेगी और कम से कम इन कुछ महीनों में देश को कुशलता से चलाएगी। आलमगीर ने आगे कहा कि 12 फरवरी 2026 को चुनाव की घोषणा के लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं, लेकिन चुनाव के लिए अनुकूल माहौल तैयार करना होगा। इसके लिए उन्हें ठोस कदम उठाने होंगे। हम उम्मीद करते हैं कि वो इस पर ध्यान



देंगे ताकि अनुकूल माहौल बन सके।

यूनुस शासन में भारत और बांग्लादेश के संबंधों में भारी गिरावट आई है। यूनुस ने बांग्लादेश की पुरानी विदेश नीति को ताक पर रखकर भारत के साथ ऐतिहासिक संबंधों की कीमत पर पाकिस्तान से मेलजोल बढ़ाया है। अगस्त 2024 में सत्ता संभालने के बाद से भारत और बांग्लादेश के संबंध ऐतिहासिक स्तर तक गिर गए हैं। ऐसा लगता है कि पाकिस्तान के इशारे पर बांग्लादेश की विदेश नीति चल रही है। अगस्त 2024 में कार्यभार संभालने के तुरंत बाद यूनुस सरकार ने अल–कायदा से प्रेरित आतंकी समूह अंसारुल्लाह बांग्ला टीम के प्रमुख मुती जासिमुद्दीन रहमानी को जेल से रिहा कर दिया। रहमानी एक ब्लॉगर एक्टिविस्ट अहमद रजीब हैदर की हत्या का दोषी था। जनवरी 2025 में असम पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने एबीटी के कई सदस्यों को गिरतार किया था। उनसे हथियार, गोला–बारूद और विस्फोटक मिले थे। यूनुस ने अपने चीन दौरे में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा था, भारत के पूर्वी हिस्से के सात राज्य (सेवन सिस्टर्स) पूरी तरह से लैंडलॉक्ड हैं। उनके पास समुद्र तक पहुंचने का कोई रास्ता नहीं है। हम (बांग्लादेश) पूरे क्षेत्र के लिए समुद्र के एकमात्र संरक्षक है। उन्होंने आगे कहा कि यह चीन के लिए एक बड़ी संभावना के द्वार खोलता है और यह चीनी अर्थव्यवस्था का विस्तार का जरिया बन सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अप्रैल में बैंकॉक में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान इसका जवाब दिया था। सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री मोदी ने यूनुस से मुलाकात की थी। पीएम मोदी ने पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर भारत की चिंताओं को उठाया था और सुझाव दिया कि ढाका को ऐसी बयानबाजी से बचना चाहिए जो माहौल को खराब करती है। इसके कुछ हते बाद भारत ने भी पूर्वोत्तर को लेकर यूनुस के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी थी।

कट्टरपंथी नेता शरीफ उस्मान हादी पर हमले के कुछ दिनों बाद, ढाका प्रशासन ने हमलावरों को गिरतार करने के लिए भारत से मदद मांगी थी। भारत ने हमलावरों से संबंधों के आरोप को सख्ती से खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय ने इस पर बयान भी जारी किया था। अब बांग्लादेश के जांचकर्ताओं ने स्वीकार किया है कि उन्हें नहीं पता कि हादी के हत्यारे कहां हैं और उनके पास इस बात के कोई ठोस सबूत नहीं हैं कि संदिग्धों ने सीमा पार कर भारत में प्रवेश किया है।

पदभार संभालने के बाद से ही मोहम्मद यूनुस ने आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए पाकिस्तान के साथ संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया है। वह पाकिस्तान से व्यापारिक, सांस्तिक और युवाओं व नागरिकों के बीच सहयोग बढ़ाने की पैरवी करते रहे हैं। उन्होंने शीर्ष पाकिस्तानी सैन्य अधिकारियों को बांग्लादेश आमंत्रित किया। कई पूर्व राजनयिकों ने बांग्लादेश में भारत विरोधी बयानों की मौजूदा लहर के पीछे पाकिस्तानी हाथ होने का संकेत दिया है। बांग्लादेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था के बीच भारत को चटगांव, राजशाही और खुलना में अपने वीजा आवेदन केंद्रों को बंद करने पर मजबूर होना पड़ा है। यह कदम कट्टरपंथी इस्लामपंथियों ने भारतीय उच्चायोग के पास मार्च निकालने के बाद लेना पड़ा। भारत विरोधी तत्वों पर लगाम लगाने के भारत के बार–बार के अनुरोधों को यूनुस सरकार खारिज करती रही है। भारत को सेवन सिस्टर्स (पूर्वोत्तर) से अलग करने की धमकी देने वाले छात्र नेता का मुद्दा उठाया गया तो बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने उस छात्र नेता से पल्ला झाड़ लिया।

# बंगाल चुनाव 2026-ममता की राह आसान नहीं?



शबाब हुसैन

त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री और पश्चिम बंगाल चुनाव के लिए भाजपा के सह–प्रभारी बिप्लब देब ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि हुमायूं कबीर तृणमूल कांग्रेस की गोदी में बैठे हैं और अब उन्हें भाजपा का नेता बताया जा रहा है। मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने पश्चिम बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कहा कि बंगाल में भाजपा की जीत का फॉर्मूला जनता बना रही है। साथ ही कहा कि मुसलमान ममता बनर्जी के खिलाफ हैं। इस दौरान उन्होंने एसआईआर से बांग्लादेश और गोरखालैंड से घुसपैठ और सीएए तक विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी। बिप्लब देब ने हुमायूं कबीर को लेकर तृणमूल कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता बखूबी जानती है कि हुमायूं कबीर किसके नेता हैं और कौन बाबरी मस्जिद बनवा रहा था। अब बात पश्चिम बंगाल के प्रस्तावित विधान सभा चुनाव की जो कि अगले साल होने है तो विदित हो कि पश्चिम बंगाल में चुनावी मौसम आते ही उपनगरीय लोकल ट्रेनों में माहौल बदल जाता है। रोजाना सफर करने वाले यात्री राजनीतिक बहसों में जुट जाते हैं। सुबह के अखबारों के आधार पर तर्क, बहस, तीखी टिप्पणियां और कई बार गरमागरम विवाद, यह सब आम बात है। चुनावी रुझानों की असल नब्ज पकड़ने के लिए कोलकाता की लोकल ट्रेनों की चर्चाओं को लंबे समय से सबसे विश्वसनीय माना जाता रहा है। 2026 के विधानसभा चुनाव करीब आते ही राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। कोलकाता से उत्तर 24 परगना के बनगांव, नदिया के रानाघाट और दक्षिण 24 परगना के लक्ष्मीकांतपुर तक जाने वाली लोकल ट्रेनों में हर दिन चुनावी समीकरणों पर जोरदार बहसें सुनाई दे रही हैं। ऐसे में उन प्रमुख दलों पर नजर डालते हैं जो इस बार बंगाल की चुनावी जंग में उतरने वाले हैं और जिनका प्रदर्शन 2021 में निर्णायक रहा था। ममता बनर्जी की अगुआई वाली तृणमूल कांग्रेस अपनी 'प्रो–बंगाली', 'प्रो–विकास' और सर्वसमावेशी राजनीति के दम पर लगातार 15 सालों से सत्ता में बनी हुई है। पार्टी का दावा है कि उसका सबसे बड़ा आधार उसका मजबूत जमीनी संगठन और ममता बनर्जी का करिश्माई नेतृत्व है। 2021 के विधानसभा चुनाव में ज्डब् ने 213 सीटों के साथ ऐतिहासिक जीत दर्ज की, जो अब तक का उसका सबसे बड़ा बहुमत था। वोट शेयर भी रिकॉर्ड स्तर पर 47.9 प्रतिशत तक पहुंच गया। 2019 के लोकसभा चुनाव में निचले स्तर पर फैले भ्रष्टाचार से पार्टी को नुकसान हुआ था, लेकिन चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर की टीम ने 2021 विधानसभा चुनाव में "खेला होबे" और "दिदी के बोलो" जैसे अभियानों से पार्टी की पकड़ दोबारा मजबूत की। चुनाव विश्लेषकों का मानना है कि ममता बनर्जी की सबसे बड़ी सफलता महिलाओं के लिए शुरू की गई मासिक लाभार्थी योजना लक्ष्मी भंडार थी, जिसने उन्हें लगातार तीसरी बार बंगाल की मुख्यमंत्री बनाया। तृणमूल कांग्रेस, जिसे आधिकारिक तौर पर अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के नाम से जाना जाता है, एक राजनीतिक दल है जो पिछले 15 सालों से पश्चिम बंगाल में सत्ता में है। इसकी स्थापना ममता बनर्जी ने 1 जनवरी 1998 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से अलग होकर की थी और उनके नेतृत्व में यह पश्चिम बंगाल की राजनीति में तेजी से उभरी। इस बार 2026 के चुनाव में, ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी के जोशीले नेतृत्व वाली तृणमूल प्रमुख पार्टी है। उसे उम्मीद है कि









बंगाल की जनता उसके पक्ष में मतदान करेगी और ममता बनर्जी चौथी बार मुख्यमंत्री बनेंगी।

भाजपा का जन्म 1980 में भारतीय जनसंघ पार्टी से हुआ था, जो धुर दक्षिणपंथी हिंदू राष्ट्रवादी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की एक शाखा थी। पिछले 10 सालों से भाजपा बंगाल में तृणमूल के खिलाफ मुख्य विपक्षी दल के रूप में उभरी है। 2016 के बाद से पार्टी ने लेटफ्कांग्रेस को पछाड़कर खुद को टीएमसी के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी के रूप में स्थापित किया है। भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं ने महसूस किया है कि राज्य विधानसभा में मजबूत उपस्थिति के बावजूद, सत्ता में आने के लिए उन्हें अपने संगठन पर काम करना होगा। कभी बंगाल की राजनीति में मजबूत स्तंभ रही कांग्रेस आज नेतृत्व संकट, संगठनात्मक कमजोरियों और बदलते राजनीतिक समीकरणों से जूझ रही है। 1998 में ममता बनर्जी के अलग होकर टीएमसी बनाने के बाद से पार्टी का जनाधार लगातार सिमटता चला गया। 2016 तक, कांग्रेस संगठन उत्तर दिनाजपुर, मालदा और मुर्शिदाबाद जैसे जिलों के कुछ ही नेताओं तक सीमित था. चुनावों में कांग्रेस और वामपंथियों की स्थिति लगातार कमजोर होने के साथ, कांग्रेस मुख्यधारा से अलग हो गई। 2021 का चुनाव कांग्रेस के लिए अब तक के सबसे कठिन चुनावों में था। न नेतृत्व, न वित्तीय संसाधन, न जमीनी संगठन – परिणामस्वरूप पार्टी कोई खास प्रदर्शन नहीं कर सकी. हालांकि, 2024 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 4.68 प्रतिशत वोट मिले और 11 विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त दर्ज की. ईशा खान चौधरी पार्टी के इकलौते सांसद बने। लेकिन रणनीति और नेतृत्व स्पष्ट न होने से पार्टी अब भी पुनर्जीवन की राह तलाश रही है। एक समय 40 लाख सदस्यता वाली बंगाल की सबसे शक्तिशाली पार्टी सीपीआई–एम आज गंभीर अस्तित्व संकट से जूझ रही है। 2021 विधानसभा और 2024 लोकसभा, दोनों ही चुनावों में इसका खाता नहीं खुला. वोट शेयर सिर्फ 0.38 प्रतिशत पर सिमट गया। पार्टी फिर से जमीन पर पकड़ मजबूत करने के लिए "बंगला बचाओ यात्रा" जैसी कैम्पेन चला रही है, जो उत्तर बंगाल से दक्षिण बंगाल तक आयोजित हुई, लेकिन संगठन कमजोर है और गठबंधन को लेकर भी आंतरिक मतभेद बने हुए हैं। विधानसभा चुनावों से पहले अपने जनसंपर्क अभियान के तहत, लाल पार्टी का राज्यव्यापी अभियान बांग्ला बचाओ यात्रा 29 नवंबर को कूच बिहार के तुफानगंज से शुरू हुई और उत्तरी बंगाल के एक बड़े हिस्से को कवर करते हुए मालदा, मुर्शिदाबाद, नादिया, पूर्वी बर्धमान और हुगली से होते हुए दक्षिणी बंगाल पहुंची। 17 दिसंबर को उत्तरी 24 परगना के कमरहटी में रैली के साथ इसका समापन हुआ। 2021 के चुनावों के दौरान, जमीनी स्तर पर कुछ वामपंथी संगठनों की उपस्थिति थी। लेकिन इसके अलावा कोई महत्वपूर्ण राजनीतिक समीकरण नहीं था। इसलिए, कांग्रेस और आईएसएफ के साथ गठबंधन करने के बाद भी, सीपीआई–एम 2021 के चुनावों में कोई बड़ा प्रभाव नहीं डाल सकी। बंगाल में 34 वर्षों तक सत्ता में रहने के बाद, अब मौजूदा संगठन को केवल सीपीआई–एम कहना कुछ हद तक सही है। 2011 में टीएमसी के सत्ता में आने के बाद, वह जन संगठन धीरे–धीरे लुप्त हो गया। पश्चिम बंगाल में 2026 के विधानसभा चुनावों में मुख्य प्रतिद्वंद्वी दल तृणमूल कांग्रेस और भाजपा हैं। वामपंथी दल अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस समय, नेतृत्व का एक वर्ग एक बार फिर कांग्रेस के साथ गठबंधन का रास्ता अपनाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन इसमें भी उन्हें कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

2021 के विधानसभा चुनावों से ठीक पहले नौशाद सिद्दीकी के नेतृत्व में बनी इंडियन सेकुलर फ्रंट पार्टी अब मुस्लिम युवाओं के बीच लोकप्रिय हो गई है। इंडियन सेकुलर फ्रंट पार्टी को टीएमसी के लिए बंगाल की धरती से उभरती एक चुनौती के रूप में देखा जा सकता है। फुरफुरा शरीफ के धर्मगुरु और राजनीतिज्ञ पीरजादा अब्बास सिद्दीकी ने 2021 में इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) की स्थापना की थी। उन्होंने इस पार्टी का गठन कोलकाता के सत्ता गलियारों में उपेक्षित महसूस करने वाले मुसलमानों, दलितों और गरीबों को राजनीति की सुर्खियों में लाने के उद्देश्य से किया। 2021 में उनकी पार्टी की मामूली शुरुआत को कई लोगों ने नजरअंदाज कर दिया, लेकिन भांगर की एक सीट ने उनकी ताकत का परिचय दिया। वे लोगों को एकजुट करने, प्रेरित करने और उन जगहों पर अपनी जड़ें जमाने में सक्षम थे, जहां टीएमसी को लगता था कि उनकी स्थिति मजबूत है. आईएसएफ ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ सबसे मजबूत दावेदारों में से एक बनी हुई है। असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम (ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन) ने अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में अपनी पकड़ मजबूत करने का फैसला किया है। एआईएमआईएम ने 2021 के विधानसभा चुनाव में बंगाल में अपना पहला कदम रखा था, लेकिन कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ पाई। पार्टी ने मालदा, मुर्शिदाबाद और उत्तर दिनाजपुर जिलों से सात उम्मीदवार उतारे थे, जो अल्पसंख्यक बहुल सीटें हैं – राज्य की 294 विधानसभा सीटों का एक छोटा सा हिस्सा है। उन्होंने बंगाल में सदस्यता अभियान शुरू किया है। वे आगामी विधानसभा चुनाव में भी मालदा और मुर्शिदाबाद की सीटों से उम्मीदवार उतारना चाहते हैं।

हाल ही में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) द्वारा पार्टी नेतृत्व के साथ बार–बार होने वाले टकराव के बाद निलंबित किए गए विधायक हुमायूं कबीर ने अगले साल पश्चिम बंगाल में होने वाले महत्वपूर्ण विधानसभा चुनावों से पहले अपनी खुद की राजनीतिक पार्टी बनाने का फैसला किया है। वह 22 दिसंबर को एक नई राजनीतिक पार्टी लॉन्च करेंगे. उनकी पार्टी बंगाल की 135 अल्पसंख्यक बहुल सीटों पर चुनाव लड़ेगी। यह ऐसे समय हो रहा है जब असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम (ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन) की पश्चिम बंगाल इकाई हुमायूं कबीर के साथ गठबंधन को लेकर आशावादी है।

# बीमा कंपनियां क्यों निवेश बढ़ाएंगी?

भारत में 2.8 प्रतिशत लोगों के पास जीवन बीमा और एक फीसदी लोगों के पास सामान्य बीमा पॉलिसी है। प्राइवेट स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी धारकों की संख्या पांच प्रतिशत से कम है। बाकी लोग पॉलिसी का बोझ उठाने में सक्षम नहीं है। बढ़ती आर्थिक चुनौतियों के मद्देनजर केंद्र ने हाल में अनेक ऐसे फैसले लिए हैं, जिनके जरिए संदेश भेजने की कोशिश हुई है कि नरेंद्र मोदी सरकार तीव्र गति से अगले चरण के आर्थिक सुधारों को लागू कर रही है। इस दिशा में जीएसटी दरों में हेरफेर और चार श्रम संहिताओं पर अमल के बाद अब बीमा क्षेत्र में उदारीकरण का बड़ा फैसला लिया गया है। कैबिनेट ने नए बीमा विधेयक को मंजूरी दी है, जिसके तहत इस क्षेत्र को 100 फीसदी विदेशी निवेश के लिए खोला जाएगा। साथ ही इस क्षेत्र में निवेश संबंधी अनेक प्रमुख शर्तों को आसान करने का निर्णय लिया गया है। आशा की गई है कि इससे बड़े पैमाने पर बाहरी निवेश आएगा, जिससे कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में लगातार हालिया गिरावट से उपजी समस्या से राहत मिलेगी। लेकिन क्या सचमुच ऐसा होगा? अगर पिछले अनुभव पर ध्यान दें, तो इसकी संभावना कम लगती है। 2021 में केंद्र ने बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश की सीमा बढ़ा कर 49 से 74 फीसदी की थी। मगर उससे फैसले से विदेशी बीमा कंपनियां भारत की ओर आकर्षित नहीं हुईं। ना ही भारतीय कंपनियों के साथ साझा उद्यम में उनके निवेश में कोई ठोस बढ़ोतरी हुई। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक जब से बीमा क्षेत्र को विदेशी निवेश के लिए खोला गया, लगभग 82 हजार करोड़ रुपये का बाहरी निवेश आया है। लेकिन यह अधिकांशतरू भारतीय कंपनियों के साथ साझा उद्यम में आया। मुमकिन है, ताजा फैसले से वैसे निवेश में कुछ बढ़ोतरी हो। मगर भारतीय बीमा बाजार के मूल ढांचे में किसी गुणात्मक परिवर्तन की संभावना कम ही है। इसका कारण इस बाजार का सीमित आकार है। भारत में 2.8 प्रतिशत लोगों को जीवन बीमा सुरक्षा हासिल है। सामान्य बीमा की पैठ तो महज एक फीसदी आबादी तक है। प्राइवेट स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी धारकों की संख्या भी पांच प्रतिशत से कम ही है। बाकी लोगों की जेब किसी तरह की बीमा पॉलिसी का बोझ उठाने में सक्षम नहीं है। जब तक यह सूरत नहीं बदलती, बीमा कंपनियां क्यों निवेश बढ़ाएंगी? यह स्थिति कैसे बदले, इसकी कोई दृष्टि सरकार ने सामने नहीं रखी है।

# एनएच किनारे बने अस्पताल भवन बंद, स्वास्थ्य सुविधाओं पर सवाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। माघ मेला 2026 के .ष्टिगत नेशनल हाईवे किनारे यात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए बनाए गए अस्पताल भवन अब तक चालू न होने से गंभीर चिंता का विषय बन गया है। जनपद के छह थाना क्षेत्रों औंग, कल्यानपुर, मलवां, सदर कोतवाली, थरियांव एवं कोतवाली खागा में 30–30 लाख रुपये की लागत से कुल 1.80 करोड़ रुपये में अस्पताल भवनों का निर्माण कराया गया था। इन अस्पतालों का उद्देश्य कुंभ के दौरान देश–विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना था, किंतु कुंभ स्नान 13 जनवरी 2026 से प्रारंभ होने के बावजूद इन भवनों में न तो मेडिकल स्टाफ की तैनाती हुई है और न ही बेड, दवाएं एवं आवश्यक चिकित्सीय उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। परिणामस्वरूप सभी अस्पताल भवन बंद पड़े हैं। युवा विकास समिति के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा ने इस स्थिति को यात्रियों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला बताते हुए कहा है कि सड़क दुर्घटना या आकस्मिक बीमारी की स्थिति में समय पर इलाज न मिलना जानलेवा साबित हो सकता है। समिति ने जिलाधिकारी से मांग की है कि सभी अस्पताल भवनों को शीघ्र स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर कराकर आवश्यक स्टाफ एवं संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए, ताकि माघ मेला 2026 के दौरान यात्रियों को तत्काल चिकित्सा सहायता मिल सके। साथ ही, इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराकर जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय किए जाने की भी मांग की गई है।

# तीन दिवसीय जिला स्तरीय फुटबाल टूर्नामिंट का समापन

## - बालिका वर्ग में फुटबाल क्लब व बालक वर्ग में सुदर्शन स्पोर्टिंग क्लब रहा विजेता

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मानव सेवा संस्थान एवं फीफा फाउंडेशन के संयुक्त



तत्वावधान में स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राज कुमार मौर्य ने किया। सभी खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे खेल आयोजनों से युवाओं में खेल प्रतिभा निखरती है तथा अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व कौशल का विकास होता है। प्रतियोगिता में जिले की कुल आठ बालक एवं बालिका फुटबॉल टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने उत.ष्ट खेल भावना, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबलों के बाद बालिका वर्ग में फुटबॉल क्लब फतेहपुर ने डायमंड फुटबॉल क्लब फतेहपुर को 3–0 से हराया। बालक वर्ग में सुदर्शन स्पोर्टिंग क्लब फतेहपुर एवं फतेहपुर स्पोर्टिंग फुटबॉल क्लब के मध्य कांटे का मुकाबला हुआ जिसमें सुदर्शन स्पोर्टिंग क्लब फतेहपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। अतिथियों का स्वागत करते हुए जिला खेल संघ के अध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडेय ने कहा कि जनपद में युवाओं को विभिन्न खेलों से जोड़ने का प्रयास संघ द्वारा निरंतर किया जा रहा है। साथ ही उनकी खेल क्षमताओं को निखारने हेतु यथासम्भव प्रयास जारी है। श्री पांडेय ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, पुरस्कार और स्मृति चिन्ह प्रदान किए। समापन समारोह मेंविशिष्ट अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी सुनील भारती ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए भरोसा दिलाया कि तीन दिन से खेल का अवलोकन किया जिसमें खिलाड़ियों में प्रतिभा नजर आई। इस मौके पर सभासद विनय तिवारी, अरुण यादव, षादाब अहमद, पूर्व सभासद धीरज कुमार, खेल शिक्षिका पूजा गुप्ता, प्रदीप कुमार पांडेय, सुरेश श्रीवास्तव, जिला खेल संघ के सचिव अंसार अहमद, आदर्श मिश्रा, वकील अहमद, शबनम, गुड़िया मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# पांच अप्रैल को होगा हज तरबियत कैंप

## - फतेहपुर हज कमेटी के सदस्यों ने बैठक कर बनाई रणनीति

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। फतेहपुर हज कमेटी की एक आवश्यक बैठक कमेटी के प्रमुख सदस्य आरिफ अख्तर उर्फ अच्छे के निवास मोहल्ला महाजरी में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी पांच अप्रैल को षहर के जीटी रोड स्थित रज्जन मैरिज हाल आबूनगर में हज तरबियती कैम्प के आयोजन करने के लिये विशेष चर्चा की गयी। बैठक में हज 2026 में जाने वाले हाजियों को हज ट्रेनिंग कराने के लिये कई प्रस्ताव पास किये। यह भी बताया गया कि पांच अप्रैल को हज तरबियती कैम्प में ट्रेनिंग देने के लिए मुख्य रूप से अलहाज शारिक अलवी हज ट्रेनर कानपुर द्वारा हज ट्रेनिंग दी जायेगी। आरिफ अख्तर ने बताया कि जो भी हाजी 2026 में हज करने के लिय जा रहे है वह लोग हज कमेटी से मोबाइल नं0 8700789460 पर सम्पर्क कर हज तरबियती कैम्प के बारे में जानकारी ले सकते हैं। बैठक में कमेटी के मो० सलीम अनवर, गुलाम सरवर, हाजी अफसार, अब्दुल वहाब, गुलाम अली, शोएब अहमद जाफरी भी मौजूद रहे।

# गृहस्वामी ने चोरी की दी तहरीर, जांच में जुटी पुलिस

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। नगर क्षेत्र के मोहल्ला अयोध्या नगर में अज्ञात चोरों ने एक मकान में चोरी की घटना को अंजाम दिए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित गृहस्वामी ने कोतवाली में तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार पीड़ित परिवार बीती दिन अपने गांव जगजीवनपुर गया था। सुबह जब गृहस्वामी हज़राज सिंह आए तो उन्होंने देखा कि घर का मुख्य दरवाजा खुला हुआ था और अलमारी का ताला टूटा हुआ था। चोरों ने अलमारी में रखे नकद रुपये, सोने–चांदी के आभूषण तथा अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत लगभग ढाई लाख रुपये बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर लिखित तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस टीम ने आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया व संभावित सुराग जुटाए। इसके साथ ही मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि चोरों की पहचान की जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में बीते कुछ समय से चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। उन्होंने पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी रमेश सिंह पटेल ने आष्वासन दिया है कि जल्द ही आरोपियों को गिरतार कर चोरी का खुलासा किया जाएगा।

# प्रेस क्लब ऑफ यूपी के जिला उपाध्यक्ष का मनाया जन्मदिन

## - संगठन कार्यालय में काटा केक, साथियों ने दी बधाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। प्रेस क्लब ऑफ यूपी के जिला उपाध्यक्ष मोबीन का जन्मदिन नवीन मार्केट स्थित जिला कार्यालय में हर्षोल्लास, उत्साह और आपसी सौहार्द के वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। जन्मदिन समारोह को लेकर संगठन के पदाधिकारियों एवं पत्रकार साथियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत केक काटने के साथ हुई। जिला उपाध्यक्ष मोबीन ने केक काटकर उपस्थित सभी लोगों का आभार प्रकट किया। इसके उपरांत संगठन से जुड़े पदाधिकारियों, वरिष्ठ पत्रकारों एवं साथियों ने उन्हें फूल–मालाएं पहनाकर एवं उपहार भेंट कर जन्मदिन की बधाई दी। वक्ताओं ने कहा कि मोबीन एक कर्मठ, मिलनसार एवं जुझारू पत्रकार हैं जो पत्रकार हितों की रक्षा और संगठन को मजबूत करने के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके नेतृत्व में संगठन की गतिविधियों को नई दिशा मिली है। पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए वे सदैव तत्पर रहते हैं। समारोह के दौरान उपस्थित साथियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। मोबीन ने सभी साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन और साथियों का स्नेह व सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। जन्मदिन कार्यक्रम के दौरान कार्यालय परिसर



में सौहार्दपूर्ण माहौल बना रहा। समारोह में प्रेस क्लब ऑफ यूपी के जिलाध्यक्ष मो0 शमशाद, प्रदेश महामंत्री मेराज उद्दीन महताब, जिला महामंत्री अमित शरन बाबी, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष नफीस अहमद जाफरी, जिला उपाध्यक्ष रवि सिंह, प्रवीण कुमार, छोटकू ठाकुर, बबलू सिंह, नगर अध्यक्ष उमेश चन्द्र मौर्या, विक्टर राबर्ट उर्फ साहिल, महफूज अहमद, जगन्नाथ, अमान जाफरी सहित तमाम पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# पिकअप की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मलवां कस्बा के एनएच–2 में गुरूवार की शाम पिकअप की चपेट में आ जाने से 24 वर्षीय बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव निवासी रामनरेश विश्वकर्मा का पुत्र उमेश विश्वकर्मा गुरूवार की शाम कस्बा सामान लेने गया था। वापस लौटते समय जब वह ओवर ब्रिज के समीप पहुंचा तभी तेज रतार आ रही डीसीएम ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में बड़े भाई गिरीश ने दी है।

# गांव के बाहर जंगल में मिला युवक का शव

## – पत्नी का अल्ट्रासाउंड कराने गया था ससुराल, हत्या का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम जलालपुर इटैली अपनी ससुराल गए 25 वर्षीय युवक का शव शुक्रवार की सुबह गांव के बाहर रोड किनारे जंगल में ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने बरामद कर लिया। मृतक के परिजनों ने ससुरालीजनों पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मोहीउद्दीनपुर गांव निवासी शत्रुघन का पुत्र दिनेश कुमार गुरूवार की शाम अपनी ससुराल जलालपुर इटैली गया था। आज सुबह लगभग नौ बजे गांव के बाहर रोड किनारे जंगल में उसका शव ग्रामीणों ने देखा तो इसकी जानकारी पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के परिजनों ने बताया कि वह कल अपनी पत्नी गुड़िया का अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए ससुराल गया था। उसके बाद कोई सूचना नहीं मिल रही थी। परिजनों ने बताया कि चार माह से पत्नी अपने मायके में रह रही थी। मृतक व ससुर के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। आरोप लगाया कि दिनेश की ससुरालीजनों ने हत्या करके शव को फेंका है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण ज्ञात हो सकेगा।

# एम्बिशन पब्लिक स्कूल में लगी वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी

## - ऑथोपेडिक सर्जन ने फीता काटकर किया शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। एम्बिशन पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना और उनकी रचनात्मक सोच को एक मंच प्रदान करना था। प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा. दयानन्द चौधरी सीनियर ऑर्थोपेडिक सर्जन ने फीता काटकर किया गया। प्रबंधक दिलशाद अहमद ने अवगत कराया कि प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षण प्रदर्शनी में कक्षा 3 से 8 तक विद्यार्थियों ने भाग लिया। छात्रों ने विभिन्न विषयों पर आधारित वर्किंग मॉडल और चार्ट प्रस्तुत किए, जिनमें जल संचयन और कचरा प्रबंधन के आधुनिक तरीके, सौर ऊर्जा से चलने वाले शहर और पवन चक्की के मॉडल, स्मार्ट डस्टबिन, ड्रोन तकनीक और रोबोटिक्स, मानव शरीर की कार्यप्रणाली और प्रा.तिक चिकित्सा शामिल रहे। प्रदर्शनी का अवलोकन करने के लिए मोहम्मद आसिफ एडवोकेट, डा. विजय लक्ष्मी साहू, ब्रजेश सोनी, डा. आदिल आलम, गाज़ी अब्दुल रहमान ग़नी बतौर निर्णायक उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों के मॉडलों की बारीकियों को समझा और उनके आत्मविश्वास की सराहना की। उत.ष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को यंग साइंटिस्ट अवार्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या



आरती सोनी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों की मेहनत की प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ में पूजा सोनी, शगुता परवीन, समाना ज़हरा, जैस्मीन, संध्या, अनामिका, रिज़ा, आफरीन, सौम्या रस्तोगी, वर्षा मिश्रा प्रियंका, अभिभावक और शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अजगवां वार्ड सभासद ने जरूरतमंदों को बाटे कंबल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नगर पालिका परिषद के अंतर्गत आने वाले अजगवां के लेखपाल हरिगोविंद सिंह एवं वार्ड नं 1 के सभासद विवेक सिंह उर्फ सुशील यादव ने गरीब, बेसहारा, विधवा महिलाओं व पुरुषों



के बीच कंबल वितरण किया। आधा सैकड़ा लोग लाभान्वित हुए। जिससे गरीब लोगों के चेहरे खिल गए। वार्ड सभासद विवेक सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में भीषण ठण्ड पड़ रही है। ऐसे में जरूरतमंद व बेसहारा लोगों को सबसे अधिक दरकार कंबल व गर्म कपड़ों की होती है। इसलिए उन्होने व लेखपाल से मिलकर कंबल वितरण का कार्य किया है। आगे भी यह कार्य जारी रहेगा। उन्होने कहा कि जिले की स्वयंसेवी संस्थाएं व जनप्रतिनिधि इस कार्य में आगे बढ़कर आएं। इस मौके पर रंजीत यादव, वीरेंद्र, संदीप के अलावा बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

# संदिग्ध हालत में युवती ने फांसी लगा दी जान

## – पड़ोसी पर हत्या का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम अमौरा में गुरूवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में 18 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतका के परिजनों ने पड़ोसी पर हत्या कर शव फांसी पर लटकाए जाने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार अमौरा गांव निवासी रमेश कुमार की पुत्री शालू देवी ने गुरूवार की शाम संदिग्ध अवस्था में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के पिता रमेश कुमार ने पड़ोसी अजय ठाकुर पर आरोप लगाया कि वह बुधवार की रात घर में कूदकर आ गया था। आंख खुल जाने पर जब उसे पकड़ा गया तो मौका पाकर भाग निकला और गाली–गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहा था। पिता ने बताया कि गुरूवार की सुबह वह शहर आ गया था। जबकि मां लक्ष्मी घर पर थी। इसी बीच पड़ोसी अजय ठाकुर आया और उसकी पुत्री की हत्या करने के बाद साड़ी से शव को खूंटी पर टांग दिया। पुलिस ने अजय ठाकुर के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करते हुए अपनी तहकीकात शुरू कर दी है।

# जी राम जी मिशन की चौपाल में गूंजा विकसित भारत अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नए कानून के रूप में तैयार विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन के व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए असोथर ब्लाक के सिधांव गांव में गुरुवार को भव्य ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। खंड विकास अधिकारी राहुल मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वीबी जी राम जी के मसौदे पर विस्तार से चर्चा की गई और ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया गया। ग्राम प्रधान रेखा देवी और सचिव राघवेन्द्र सिंह की मौजूदगी में .षि, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, विद्युत, पशुपालन, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, महिला कल्याण सहित कई विभागों ने एक ही परिसर में कैंप लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। चौपाल की खास बात यह रही कि बड़ी संख्या में आई शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर प्रशासन ने पारदर्शिता और तत्परता का संदेश



दिया। ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति, आवास, पेंशन, स्वच्छता, स्वास्थ्य जांच, खेती–किसानी, शौचालय निर्माण, पात्रता सत्यापन और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े मुद्दे अधिकारियों के सामने रखे। विभागीय टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कई मामलों का तत्काल निस्तारण किया, वहीं शेष प्रकरणों के लिए समयबद्ध समाधान का आष्वासन दिया गया। कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि राजेश कुमार, एएनएम, सीएचओ, आसपास की ग्राम पंचायतों के प्रधान और भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। खंड विकास अधिकारी राहुल मिश्रा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि गांवों में आने वाली हर समस्या का त्वरित, पारदर्शी और संवेदनशील समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय पर पहुंचे। चौपाल से संतुष्ट ग्रामवासियों ने इस पहल को लाभकारी और भरोसेमंद बताते हुए प्रशासन का आभार जताया। प्रशासनिक सक्रियता और जमीनी समाधान के इस मॉडल ने क्षेत्र में सकारात्मक संदेश दिया और मिशन के उद्देश्यों को मजबूती प्रदान की।

# सगे भाईयों पर चाकुओं से हमला, भर्ती

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के आबूनगर पुलिस चौकी के पीछे प्रांसी हास्पिटल के समीप गुरूवार की रात आधा दर्जन से अधिक लोगों ने सगे भाईयों ने ताबड़तोड़ चाकुओं से वार कर लहुलूहान कर दिया। जिन्हें उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल के पिता ने कोतवाली में आधा दर्जन नामजद व कई अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार आबूनगर मुहल्ला निवासी रफीक का पुत्र मोहम्मद आमिर 36 वर्ष व छोटा भाई मो0 आदिल 27 वर्ष को गुरूवार की रात लगभग ग्यारह बजे आधा दर्जन लोगों ने चाकुओं से वार कर लहुलूहान कर दिया। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान मो0 आमिर ने बताया कि रात उसका चचेरा भाई नदीम दूध लेने जा रहा था। तभी अमजद ने उसे रोक कर गाली–गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर अमजद ने उसे बेल्ट से बुरी तरह पीट दिया। इसकी जानकारी जब उसे व उसके भाई को हुई तो वह उलाहना लेकर पहुंचे। तभी षड़यंत्र के तहत अमजद समेत अर्शू, फैजान, आदम व बिक्कन सहित दर्जनों लोगों ने दोनों भाईयों पर चाकुओं से हमला कर दिया। उधर पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# सरस्वती संस्कार केन्द्र में मनाया वीर बाल दिवस



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के विनोवा नगर स्थित विद्या भारती के संचालित सरस्वती संस्कार केन्द्र में बच्चों ने वीरबाल दिवस मनाया। गुरू गोविन्द सिंह जी के पुत्र फतेह सिंह जोरावर सिंह के बलिदान दिवस पर बच्चों ने तैलीय चित्र पर पुश्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। आचार्य रामनारायण ने गुरू गोविन्द सिंह जी के पुत्रों के जीवन कृतित्व पर प्रकाश डाला और उनके बलिदान को याद किया। इस मौके पर लल्लन गिहार, अरविन्द मौर्या व अन्य नागरिकों ने हिस्सा लिया।

# अदम्य साहस से समृद्ध थे साहबजादे : अजीत पाल

## - सरस्वती बाल मंदिर में भाजपा ने मनाया वीर बाल दिवस

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को वीर बाल दिवस कार्यक्रम सरस्वती बाल मंदिर रघुवंशपुरम में आयोजित किया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जिला प्रभारी मंत्री अजीत पाल सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस घोषित किया। इस दिन सिक्ख समाज के दसवें गुरु गुरुगोविंद सिंह पर तत्कालीन आक्रान्ताओ द्वारा दमनकारी नीतियों को थोपा जा रहा था, लेकिन जब वह नहीं झुके तो उनसे उनके बिछड़े अबोध बालकों से धर्म बदलने की बात आक्रान्ताओ द्वारा कही गई। वह वीर साहसिक बालक साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह को ईटों की दीवार में जीवित चुनवाया गया। जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज हमें जो स्वतंत्रता मिली है उसके मूल में वीर बालक साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जिनकी उम्र 9 वर्ष और बाबा फतेह सिंह जिनकी उम्र 7 वर्ष थी। उनका बलिदान हमें हमेशा अपने राष्ट्र के उत्थान को लेकर प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित जहानाबाद विधायक राजेंद्र पटेल, पूर्व विधायक विक्रम सिंह, रिक्की सरदार सहित उपस्थित लोगों ने वीर बांकुरों को श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम उपरांत नगर में प्रभातफेरी भी निकाल कर जन–जन को वीर बालकों के अदम्य साहस को प्रचारित किया। कार्यक्रम संयोजक के रूप में सुशीला मौर्या, जिला महामंत्री पुष्पराज पटेल, नीरज सिंह, जिला उपाध्यक्ष अपर्णा सिंह गौतम, अर्चना त्रिपाठी,



रवीन्द्रपाल सिंह, जिला मंत्री पुष्पा पासवान, प्रसून तिवारी, मंडल प्रभारी अभिषेक शुक्ला, ओम मिश्रा, शुभम तिवारी, सुरेन्द्र सोनकर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )